# अंजुमन सदर के चुनाव में अमसाल खान हुए विजयी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा अंजुमन कमेटी सदर के चुनाव 27 नवम्बर को संपन्न हुए, जिसमें अमसाल खान 30 वोटों से विजई घोषित हुए। उक्त चुनाव अंजुमन इंग्लिश मीडियम स्कूल में पूर्व अंजुमन कमेटी और सदर की निगरानी में संपन्न कराए गए। जिसमें पुलिस प्रशासन का महकमा मौजूद रहा। गौरतलब हो कि उक्त चुनाव में सात मस्जिदों से पांच-पांच मेंबर ड्रा के माध्यम से चुने गए थे, चुने गए 35 मेंबरों में से दो मेंबरों ने सदर पद के लिए नामांकन दाखिल किया था। जिनके बीच कल मतदान हुआ। इस मतदान में अमसाल खान को 30 मत मिले, वहीं फारूक रजा को चार मत मिले। एक सदस्य अनुपस्थित रहे। इस तरह से अंजुमन कमेटी के सदर के रूप में अमसाल खान विजय घोषित हुए। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के काफी संख्या में आवाम उपस्थित था। चुनाव के बाद नवनिर्वाचित सदर को पूर्व सदर अंजुमन रूमी पटेल ने बधाई दी तदुपरांत सभी सदस्यों ने तथा आवाम के वरिष्ठ कनिष्ठ साथियों ने फूल माला पहनाकर सदर का अभिनंदन किया तथा अपेक्षा व्यक्त की की कि आवाम के हित में अपने कर्तव्यों का सदर निर्वाहन करेंगे।

# ध्वजारोहण कर वेदी प्रतिष्ठान महोत्सव शुरू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासन नायक महावीर भगवान की जय, तीन कम नौ करोड़ दिगंबर महामुनिराजों की जय, जिनवाणी माता की जय, श्री गुरुमहाराज की जय, वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव की जय घोष से धर्म नगरी गुरैया गुंजायमान हो उठी।

मंगलमय प्रसंग था बुधवार के शुभ दिन प्रात: काल की मंगल बेला में वेदी प्रतिष्ठा पर निकाली गई प्रभात फेरी का जिसमें सकल जैन समाज ने हिस्सा लिया और सभी ने ध्यान सामयिक के साथ मंत्रजप कर श्री तारण त्रिवेणी का पाठ भाव पूजन के माध्यम से जिनशासन का गुणगान किया पश्चात सभी ने ब्रह्मचारी भैया एवं बहनों के श्रीमुख से वेदी प्रतिष्ठा का सच्चा स्वरूप के साथ मनुष्य जीवन एवं उसकी सार्थकता पर अपने सुंदर विचार रखे जिसका लाभ समाज ने लिया।

मंगल महोत्सव के शुभारंभ पर मुख्य कार्यक्रम स्थल समवशरण मंडप शुद्धात्म नगरी में ध्वजारोहण कर मेला नायक बनने का सौभाग्य सतीश कुमार, सुनील कुमार, अनिल कुमार, स्वर्णिम स्वरित जैन हवेली वाले परिवार को प्राप्त हुआ जिनके साथ चौदह धर्म ध्वजाओं को फहराने का सौभाग्य कमलकांत जैन बीना, सतीशचंद जैन सागर, उपेन्द्र कुमार शैलेंद्र कुमार भोपाल, अजीत कुमार जैन नागपुर, अमित कुमार जैन रायपुर, पारस कुमार, शैलेन्द्र कुमार, सौरभ जैन पगारा, धनकुमार, चिराग जैन गुरैया, डॉ. मोहरचंद जैन खमरा, चैनसुख जैन उभेगांव, डॉ. राजेंद्र जैन, सुषमा नीलेश जैन, सरला नवलचंद जैन, पं. धनकुमार नमन, नयन जैन, आभास, विभाष, धर्मेश आदि।



## आज होगा कलशरोहण महोत्सव

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि महोत्सव के द्वितीय दिवस आज गुरुवार को प्रात: 5:30 बजे ध्यान, सामयिक प्रभात फेरी, मंत्र जय से महोत्सव का शुभारंभ होगा पश्चात मंदिर विधि, प्रवचन, पात्र भावना के साथ दोपहर 1 बजे से मंदिर विधि, जिनवाणी पालकी शौभायात्रा पश्चात सौभाग्यशाली परिवार द्वारा दोनों मनोहारी चैत्यालयजी पर कलशारोहण किया जावेगा। रात्रि के समय सामूहिक भक्ति, प्रवचन एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिसमें सकल समाज सादर आमंत्रित है।

**सार-समाचार**

# सचिन वर्मा सीए एसोसिएशन के नए अध्यक्ष बने

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हमारे देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में चार्टर्ड अकाउंटेंट का महत्वपूर्ण योगदान होता है। सी ए कर विभाग और करदाता के मध्य पुल का काम करते हैं। इतनी महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी होने के कारण ही सी ए की परीक्षा हमारे देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक है। उक्त विचार विगत दिवस छिन्दवाड़ा सी.पी.ई. चैप्टर के चुनाव के दौरान अतिथियों ने व्यक्त किए। विगत दिवस एक निजी होटल में छिन्दवाड़ा के सी ए एसोसिएशन के चुनाव संपन्न हुए जिसमें सर्वसम्मति से कन्वेनर(अध्यक्ष) पद पर सी ए सचिन वर्मा को चुना गया।

विदित हो कि सी ए सचिन वर्मा अनुभवी सी ए होने के साथ ही सुप्रसिद्ध रंगकर्मी भी हैं। सचिन वर्मा टैक्स बार एसोसिएशन के सचिव, नाट्य गंगा रंगमंडल के अध्यक्ष और छिन्दवाड़ा ऑडिटोरियम निर्माण समिति के अध्यक्ष भी हैं। इसके साथ ही



सी.पी.ई. चैप्टर के डिप्टीकन्वेनर (सचिव) पद पर वरिष्ठ सी ए मोहित संचेती को चुना गया। तथा अनुभवी सी ए विशाल साहू को को-ऑर्डिनेटर एवं कोषाध्यक्ष पद पर चुना गया। इस अवसर पर पूर्व कन्वेनर सी ए विनोद कुमार खंडेलवाल और पूर्व डिप्टी कन्वेनर सी ए विशाल साहू ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर सी.पी.ई. चैप्टर के वरिष्ठ सदस्य सर्वसीए राजेश साहू, शैलेंद्र अग्रवाल, शालीन अग्रवाल, अंशुल सोनी, आलोक जैन, मुकेश जुनेजा, संजीव सिंघई, आशीष अग्रवाल, रुपेश शर्मा, गगन बत्रा, संदीप साओ, अमरत लालवानी, प्रियांश सूर्यवंशी, मयंक जैन, संयम जैन, गुलशन झामनानी, ख़ुशी अग्रवाल, प्रिया शर्मा, मनीषा मिश्रा, सौरव राय, शुभम् चाण्डक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने सचिन वर्मा, मोहित संचेती और विशाल साहू को नई ज़िम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की।

# बाल संरक्षण पर बालकों को दी उनके अधिकारों की जानकारी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** किशोर न्याय बालको की देखरेख संरक्षण अधिनियम 2015 एवं बालकों के अधिकार के विषय व छात्र-छात्राओं के मन मे उत्पन्न उमंग को ध्यान मे रखते हुए अपनी जीवन शैली मे किस तरह सुधार करना चाहिए इस हेतु जागरूकता लाने के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुद्दार के निर्देशन एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/न्यायाधीश प्रेमपाल सिंह ठाकुर के मार्ग दर्शन में स्थानीय शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल छिंदवाड़ा में प्राचार्य अल्का श्रीवास्तव की उपस्थिति मे जागरुकता कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर विधिक सहायता अधिकारी विजय खोब्रागड़े ने बालको को अनुच्छेद 21 में शासन का दायित्व और अनुच्छेद 51 में माता पिता का कर्तव्य के अंतर्गत शिक्षा सभी 6 से 14 वर्ष के बच्चों को अनिवार्य शिक्षा का अधिकार दिया गया है। बाल अधिकार संरक्षण आयोग के माध्यम से बालको के लिए विशेष चार अधिकारो में जीवन जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, सहभागिता का अधिकार एवं शोषण के विरुद्ध संरक्षण का अधिकार दिया है इसकी जानकारी हरेक छात्र को रहना चाहिए। किशोर न्याय बोर्ड के पूर्व सदस्य एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामल राव ने उपस्थित छात्रो को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को शाला मे नैतिक शिक्षा के साथ उनके संस्कार को विकसित करने हम सभी को पहल करने की आवश्यकता है। यदि इन विषयो पर ध्यान नही दिया जाता है तो छात्र गलत दिशा मे चले जाते है वहीं पाक्सो एक्ट 2012 की जानकारी के तहत उलंघन की श्रेणी में शोषण का अर्थ शारीरिक शोषण एक बच्चे को शारिरिक रूप से चोट पहुचाना।

# एशिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज हुआ सतीजा मोटर्स ऑफ छिन्दवाड़ा का नाम



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** दो दिन की समयावधि में छिन्दवाड़ा जिले के विभिन्न तहसील मुख्यालयों एवं छिंदवाड़ा में रिकार्ड 800 ट्रैक्टर की सर्विसिंग कर महिन्द्रा ट्रैक्टर्स के डीलर सतीजा मोटर्स प्रा.लि. ने एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। यह घोषणा आज शाम चंदनगॉव स्थित सतीजा मोटर्स परिसर में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के अधिकारी भानुप्रताप सिंह ने की। उन्होंने रिकार्ड से संबधित प्रमाण पत्र सतीजा मोटर्स के एम.डी. निकिश सतीजा को सौपा। श्री सिंह ने कार्यक्रम में बताया कि ऐसी उपलब्धि एशिया महाद्वीप में पहली बार दर्ज की गई है सतीजा मोटर्स ने दो दिन में तहसील और जिला मुख्यालय में लगभाग 800 ट्रैक्टर की सर्विसिंग की।

एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड भारत के अलावा वियतनाम, इंडो चाईना के देश, लाओस, नेपाल जैसे देशों में भी ऐसे कीर्तिमान दर्ज करता है। संस्था के पास अलग-अलग विधाओं में चालीस हजार प्रविष्टियां दर्ज है। कार्यक्रम में सतीजा मोटर्स के एम.डी. निकिश सतीजा ने बताया कि इसके पूर्व हमने वर्ष 2021 में 600 ट्रैक्टर की सर्विसिंग का रिकार्ड बनाया था। उन्होंने आज की उपलब्धि का श्रेय सतीजा मोटर्स की टीम को दिया और इसके पूर्व धनतेरस को एक दिन में 435 ट्रेक्टर का विक्रय किया था कार्यक्रम में महिन्द्रा ट्रैक्टर के जावेद, संजय कुमार, मंयक मिश्रा, असलम खान, बालगोंविद गुर्जर, लवकेश, हितेश सातपुते, प्रदुमन तिवारी उपस्थित थे।

# अधिकारी और कर्मचारियों को संविधान पालन की दिलाई शपथ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग छिंदवाड़ा के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण विभाग, रेशम विभाग, खादी ग्राम उद्योग, जन अभियान परिषद के सभी अधिकारी व कर्मचारी को प्रभारी अधिकारी अनिल भारती की उपस्थिति में शासकीय कला पाठक दल के प्रमुख कलाकार नरेंद्र पाल द्वारा 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में 75वीं वर्षगांठ के आयोजन में संविधान पालन की शपथ दिलाई गई। जिसमें जिला पंचायत परिसर में सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# डिप्टी रेंजर से रेंजर बने दयानंद डेहरिया

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व वन मंडल छिंदवाड़ा की अमरवाड़ा रेंज में पदस्थ दयानंद डेहरिया को डिप्टी रेंजर से रेंजर पद के लिए पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत अधिकारियों की मध्य प्रदेश शासन से प्रदेश स्तरीय सूची भी जारी कर दी गई है। जिसमें श्री डेहरिया का नाम भी शामिल है। उनकी ताप्ती रेंज सामान्य वन मंडल दक्षिण बैतूल में पदस्थापना की गई है। श्री डेहरिया ने शिक्षण योग्यता कार्य के प्रति निष्ठा और समर्पण भाव से मात्र 20 वर्षो की सेवा के दौरान ही तीन प्रमोशन प्राप्त कर लिया जबकि उनके समकक्ष कर्मचारी मात्र एक प्रमोशन ही प्राप्त कर पाए।



सन 2003 में वनरक्षक बने, वहीं 2010 में वनपाल, 2016 में डिप्टी रेंजर तो अब 2024 में रेंजर पद पर पदस्थापना की गई। शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो एम.ए. इकोनामिक, एम.ए. हिस्ट्री, एल.एल.बी.,आई.टी.आई. इलेक्ट्रिशियन, डिप्लोमा इन रेल ट्रांसपोर्ट सहित अन्य डिग्रियां हासिल की है और यही सब है कि इन्हें इतनी बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई। वर्तमान में मेहरा डेहरिया समाज समिति जिला छिंदवाड़ा के जिला अध्यक्ष के साथ ही वन विभाग में भी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष भी हैं। पदोन्नति की खबर के बाद ईस्ट मित्रों सहित संपूर्ण डेहरिया समाज ने उन्हें शुभकामनाओं के साथ ढेरों बधाइयां प्रेषित की है।

# जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिए हम होंगे कामयाब जागरुकता अभियान चलाया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिये श्हम होंगे कामयाब जागरूकता अभियान के अंतर्गत 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक हम होंगे कामयाब पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जिले में इसके अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास छिन्दवाड़ा मोनिका बिसेन ने बताया कि हम होंगे कामयाब जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग के साथ ही विभिन्न विभागों तथा नगरीय विकास, पंचायत राज व ग्रामीण विकास, पर्यटन, स्वास्थ्य, धर्मस्व, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकि शिक्षा, गृह (पुलिस), आबकारी, परिवहन, श्रम, सामाजिक न्याय, अनुसुचित जाति कल्याण, खेल एवं युवा कल्याण, जनसम्पर्क, विधि विधायी कार्य विभागों की सहभागिता के साथ ही सहयोगी संस्थाओं की भी सहभागिता रहेगी। जागरूकता अभियान के 16 दिवसों में राज्य, जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि जागरूकता गतिविधियों का कैलेण्डर तैयार किया गया है, जिसके अनुसार 28 नवंबर को सोशल मीडिया अभियान के अंतर्गत महिलाओं के अधिकारों हेल्पलाईन और स्द्धद्-क्ष्भ्3 पोर्टल के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये आकर्षक सामग्री और हैश टैग के साथ सोशल मीडिया द्वारा प्रसार किया जायेगा और पॉक्सो घरेलू हिंसा अधिनियम और बाल विवाह निषेध जैसे प्रमुख कानूनों के प्रचार के लिये ट्वीट इन्फोग्राफिक्स और ऑडियो विजुअल का उपयोग किया जायेगा। यह कार्यक्रम जिले की सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों, सभी ग्राम पंचायतों एवं स्कूलों तथा कॉलेजों में आयोजित किये जायेंगे।

# पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में हम होंगे कामयाब पखवाड़े में परिचर्चा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कार्यालय क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, संभाग जबलपुर से प्राप्त ई-मेल व महिला बाल विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के पत्र क्रमांक म.बा.वि./2024/818 के परिपालन में पी एम एक्सीलेंस कॉलेज छिंदवाड़ा के प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा के संरक्षण में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंशाराम साहू, प्रो. महेंद्र साहू व महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि डोडानी के मार्गदर्शन में एनएसएस वरिष्ठ स्वयंसेवक विशाल सलामे व लोकेश सनोडिया के नेतृत्व में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा के अंतर्गत जेंडर आधारित हिंसा रोकथाम हेतु जागरुकता अभियान के तहत परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया।

डॉ. निधि डोडानी ने जेंडर आधारित हिंसा पर छात्र-छात्राओ को महत्वपूर्ण बातें बतलायी तथा प्रो. महेंद्र साहू ने महिला सशक्तिकरण के बारे में चर्चा की तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने जेंडर आधारित हिंसा पर अपने विचार व्यक्त किए गए व एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं को जेंडर आधारित हिंसा को रोकने और बचने के लिए प्रेरित किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा कॉलेज परिसर में सूक्ष्म रैली निकालकर जेंडर पर नहीं समानता पर हो ध्यान, हिंसा को रोको सबका हो सम्मान तथा एक कदम बढ़ाओ, जेंडर हिंसा को मिटाओ जैसे नारे लगाए गए। जागरुकता अभियान में स्वयंसेवक संकल्प विश्वकर्मा, भूमिका धुर्वे, योगेश डेहरिया, चंचलेश साहू, दिवांशु इनवाती, अमित कुमार, भावना, श्रद्धा, मुस्कान डोले दीपाली आदि थे।

# प्राकृतिक खेती देखने पहुंचे अधिकारी



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पांण्ढुर्णा जिले में बुधवार को प्राकृतिक खेती को देखने एवं किसानों के द्वारा किए गए नवाचार के संबंध में निरीक्षण करने के लिए उप संचालक कृषि किसान कल्याण विभाग अपनी टीम के साथ किसानों के खेत में पहुंचे और सराहना की।

बता दें कि उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा पांढुर्णा जिले में संतरा फसल में अन्तरवर्तीय फसल रूप में अरहर, गेंहू एवं चना की खेती का अवलोकन किया गया। उप संचालक कृषि द्वारा मैदानी अधिकारियों के साथ स्लाम-बोरगॉव के प्रगतिशील किसान नरेन्द्र ठाकरें के खेल में पहुंचकर उनके द्वारा किये जा रहे नवाचार एवं फैविक खेती- जिवामृत यूनिट, वर्मी कम्पोस्ट यूनिट, धनुपालन, अन्तवतीय फसल पद्धति, सौर ऊर्जा यूनिट एवं संतरा फसल की रेवती का निरिक्षण किया गया। उपसंचालक कृषि द्वारा कृषक नरेन्द्र नाकडे द्वारा किये जा रहे नवाचार एवं जैकि खेती की सदाहना की गई एवं जिले के सभी किसानों से अपील की गई कि इस तरह नवाचार एवं जैविक खेती को अपनाकर कृषक प्रति इकाई क्षेत्रफल में अधिक लाभ ले सके

निरीक्षण के क्रम में ग्राम नांदनवाड़ी के कृषक विरेन्द्र कुमरे के खेत में पहुंचकर गाजर फसल का निरिक्षण किया गया साथ ही ग्राम अंबड़ा के कृषक सुखदेव चोपड़े के खेत में बहुचकर नवाचार के रूप लगाई गई फसल आलू, पेपरीका, मिर्च, कपास आदि फसलों का निरिक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान सहायक संचालक कृषि दीपक चौरसिया वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुनिल गजभिये, वरिष्ठ उद्यान अधिकारी सिद्धार्थ दुपारे, कृषि विस्तार अधिकारी विनोद लोखण्डे, पंकज पराड़कर, कृषक विषेश भादे आदि उपस्थित थे जिन्होंने उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह को नवाचार दिखाया।

## ठंड एवं शीतलहर से बचाव के लिए नागरिकों को दी सलाह

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय पर्यावरण परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष प्रकाश सिंह एवं जिला एपीडिमियोलॉजिस्ट/ नोडल अधिकारी डॉ. गुलाब खातरकर ने शीत लहर से बचाव के संबंध में नागरिकों को सलाह दी है।लोगों को शीतलहर से बचाव के संबंध में बताया कि माह दिसम्बर एवं जनवरी में ठंड/ शीतलहर से 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों, वृद्धजनों, दिव्यांगजनों, बेघर व्यक्तियों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों एवं खुले में व्यवसाय करने वाले छोटे व्यापारियों पर अधिक प्रभाव पड़ता है।

ठंड एवं शीतलहर से नाक बहना, नाक बंद होना, फ्लू, नाक- कान से खून आना, हाथ की ऊंगलियों- कान- नाक अथवा पैर की ऊंगलियों में सफेदी या फीकापन, कपकपी आना, बोलने में कठिनाई, अधिक नींद आना, मांसपेसियों में अकड़न, सांस लेने में तकलीफ, कमजोरी, हाईपोथरमिया/ अल्पताप जैसे लक्षण सामान्यत पाये जाते हैं। उक्त लक्षण पाये जाने पर नागरिक तत्काल चिकित्सक की सलाह एवं नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार लेने, ऊनी कपड़ों को कई परतों में उपयोग करने की सलाह दी है।

# स्वास्थ्य शिविर में हुआ 378 मरीजों का उपचार



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जुन्नारदेव मंडल अंतर्गत आने वाले ग्राम खमराकलां के पंचायत भवन में बुधवार को 68 वें नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 378 मरीजों का नि:शुल्क ईलाज करते हुए शिविर में मिले 14 गंभीर मरीजों को उचित उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

100 दिवसीय सेवा संकल्प और स्वास्थ्य की श्रृंखला में खमराकलां में आयोजित इस 68 वें नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 392 मरीजों ने उपचार के लिए अपना पंजीयन कराया। शिविर में आयुष्मान कार्ड और आभा आई डी बनाने के लिए भी अलग से पंजीयन कक्ष बनाये गये थे जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपना पंजीयन कराया। जिन मरीजों के सभी के पेपर पूरे थे उनमें से जहां 9 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये वहीं 12 लोगों की आभा आई डी भी बनाई गई। शिविर में उपचार के साथ ही आयुष्मान कार्ड और आभा आई डी बनाई जाने से ग्रामीणों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बचे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड और आभा आई डी बनाने के लिए पंचायत में शिविर लगाने की मांग की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवनीत मोनू जैन, रोटरी क्लब अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आशीष ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, वरिष्ठ भाजपा नेता दीपेश जैन, संजय जैन, विशेष चौरसिया, संकुल प्राचार्य अनिल सूर्यवंशी, सरपंच खमराकलां ब्रिजेश धुर्वे, सरपंच गुदद्म शिवपाल परतेती, सरपंच करन पिपरिया राकेश धुर्वे, कपिल शुक्ला सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन मंयक साहू द्वारा किया गया।

### आज खिरेटी में शिविर

आज स्वास्थ्य शिविर की अमरवाड़ा मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम खिरैटी में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया गया।

**सार-समाचार**

## कमलनाथ ने विकास कार्य के लिए छिन्दवाड़ा ग्रामीण को दिए 80 लाख रुपए

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री व छिन्दवाड़ा विधानसभा से वर्तमान विधायक कमलनाथ ने छिन्दवाड़ा ग्रामीण 01 व 02 में विकास कार्यों को पूर्ण कराने हेतु अपनी विकास निधि जारी कर दी है। उक्त राशि से आवश्यक व महत्वपूर्ण कार्य कराए जाएंगे जिसका लाभ विधानसभा क्षेत्र की जनता को प्राप्त होंगे।



विधायक कमलनाथ द्वारा प्रदत्त 80 लाख रुपयों की राशि से जल्द ही छिन्दवाड़ा ग्रामीण 01 व छिन्दवाड़ा ग्रामीण 02 में 52 कार्य पूर्ण होंगे। जिनमें कलामंच, रंगमंच, बाउंड्रीवाल, सी सी रोड, मोक्षधाम में अतिरिक्त कार्य, नाली व सी सी रोड व स्टॉप डेम मरम्मत सहित अन्य विकास के कार्य पूर्ण कराए जाएंगे।

जारी विकास निधि से डागावानी पिपरिया में कलामंच निर्माण हेतु 1 लाख रुपए, ग्राम कर्वे पिपरिया में भुमका बाबा के निकट सार्वजनिक उपयोग हेतु कलामंच निर्माण के लिए 1 लाख रुपए, ग्राम टेकाथावरी में संत कबीर कलामंच 2 लाख रुपए, ग्राम राजाखोह में शिरोमणी रविदास रंग मंच 2 लाख, ग्राम बोहनाखैरी में शंकर मढ़िया के पास कलामंच 1 लाख रुपए, ग्राम ककई में ग्राम पंचायत भवन में बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 2 लाख, ग्राम खुटया झंझरिया में सी सी रोड 2 लाख रुपए, ग्राम जम्होडीपंडा में खेड़ापति मंदिर में रंग मंच निर्माण के लिए 1 लाख रुपए, ग्राम सारना में सुधीर पटेल के घर से सुमरू के घर तक सी सी रोड 2 लाख रुपए, ग्राम सारना में कला मंच में टीन शेड निर्माण 50 हजार, ग्राम पांजरा में टीन शेड निर्माण 50 हजार, ग्राम पिपरिया बीरसा में मोक्षधाम में अतिरिक्त कार्य हेतु 50 हजार, ग्राम खैरी भुताई नाली निर्माण हेतु 50 हजार रुपए, ग्राम चन्हियाखुर्द में सी सी रोड निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए व ग्राम मेघासिवनी में खेड़ापति मंदिर के समीप कलामंच अतिरिक्त निर्माण हेतु 2 लाख रुपए की राशि प्रदान की है।

कमलनाथ द्वारा जारी राशि से चारगांव प्रहलाद में खेड़ापति मंदिर के पास कला मंच अतिरिक्त कार्य हेतु 1 लाख रुपए, कपरवाड़ी में संत रविदास भवन में अतिरिक्त कार्य हेतु 1 लाख रुपए, ग्राम खापामिठे में शिव मंदिर कलामंच अतिरिक्त कार्य 1 लाख, केवलारी में गंगा माई में अतिरिक्त कार्य हेतु 1 लाख, ग्राम जमुनिया में कला मंच निर्माण हेतु 2 लाख रुपए, लकड़ाई जम्होड़ी में कलामंच अतिरिक्त कार्य हेतु 1 लाख रुपए, ग्राम नेर में श्रीराम कलामंच अतिरिक्त कार्य हेतु 2.50 लाख रुपए, ग्राम नेर में ही चंडीमाता कलामंच अतिरिक्त कार्य हेतु 2 लाख रुपए, ग्राम नवेगांव में रंगमंच के निर्माण हेतु 1.50 लाख, ग्राम रामगढ़ी में चबूतरा निर्माण 1.50 लाख, ग्राम उमरिया ईसरा में रंग मंच निर्माण 1.50 लाख, ग्राम नेर के हाईस्कूल में फर्शीकरण हेतु 50 हजार रुपए, ग्राम नेर में ही शिव मंदिर के समीप कला मंच निर्माण हेतु 2 लाख रुपए एवं ग्राम चन्हियाकला में स्टॉप डेम मरम्मत हेतु 1 लाख रुपए की राशि मंजूर की है।

छिन्दवाड़ा ग्रामीण 02 में कमलनाथ द्वारा प्रदत्त राशि से ग्राम राजना में सीताराम के घर से मुलिया बाई के घर तक सी सी रोड निर्माण हेतु 2 लाख रुपए, ग्राम राजना में हनुमान मंदिर के पास कलामंच हेतु 1 लाख रुपए, ग्राम जटामा में कलामंच हेतु 1.50 लाख रुपए, ग्राम खापाकला के शास. माध्य. शाला में डेक्स टेबिल हेतु 2 लाख, ग्राम सांख में कलामंच हेतु 1 लाख, ग्राम मानेगांव में कलामंच हेतु 1 लाख, ग्राम थावरीकला में चबूतरा निर्माण हेतु 1 लाख रुपए, ग्राम धमनिया में कलामंच 1 लाख रुपए, ग्राम कोटलबर्री में कलामंच हेतु 1 लाख रुपए, ग्राम अतरवाड़ा के शास. माध्य. शाला मदनपुर में बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 2 लाख रुपए, ग्राम अतरवाड़ा में सी सी रोड निर्माण हेतु 1.50 लाख रुपए, ग्राम अतरवाड़ा में माता मंदिर के पास चबूतरा निर्माण 50 हजार, ग्राम सुनारी मोहगांव में सीसी रोड निर्माण 1.50 लाख रुपए, ग्राम गांगीवाड़ा में चबूतरा निर्माण 1 लाख रुपए, ग्राम रोहनाकला में सतीश नामदेव के घर के पास चबूतरा निर्माण हेतु 2.50 लाख रुपए, सुरेश के घर के पास चबूतरा निर्माण हेतु 2.50 लाख रुपए, ग्राम गुरैया में खेड़ापति माता मंदिर के समीप सामुदायिक भवन का फर्शीकरण हेतु 5 लाख रुपए, ग्राम रामगढ़ी में चबूतरा निर्माण हेतु 1 लाख रुपए, ग्राम सुरगी में चबूतरा निर्माण 1 लाख रुपए, ग्राम पखड़िया में कलामंच निर्माण हेतु 1 लाख रुपए, ग्राम कुहिया में दो तोरन द्वार निर्माण हेतु 3 लाख रुपए, ग्राम बीजेपानी में आदिवासी मोहल्ला में विद्युतीकरण हेतु 5 लाख व ग्राम पुलपुलडोह में चबूतरा निर्माण हेतु 1 लाख रुपए की राशि प्रदान की है। कमलनाथ द्वारा प्रदत्त 80 लाख रुपयों की राशि से छिन्दवाड़ा ग्रामीण 01 व 02 में 52 निर्माण कार्य अविलम्ब पूर्ण किए जाएंगे।

# कांग्रेस ने अम्बेडकर को किया नमन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कांग्रेस नेत्री आम्रपाली नारनवरे ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष 26 नवम्बर 24 को राजीव गाँधी भवन में कांग्रेस द्वारा संविधान दिवस बड़े ही हर्षउल्लास से कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया, जिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, पंडित गंगा प्रसाद तिवारी, नगर पालिका निगम अध्यक्ष सोनू मांगो, गुरुचरण खरे, तरुण कराडे, शैलेन्द्र नारनवरे, फिरोज खान, प्रकाश मेहरौलिया, महादेव गायकवाड़, अनिल इंगले, राकेश नागले, रानू डेहरिया, सुनीता ठाकुर, समित ठाकुर, संतोषी गजभिए, रेशमा खान, मयंक गजभिए, अनिल गजभिए, आम्रपाली नारनवरे एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम सभी ने संविधान निर्माता भारत रत्न परम पूज्य डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात संविधान दिवस के उपलक्ष्य में रानू डेहरिया द्वारा बताया गया कि डॉ बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा 26 नवंबर 1949 को हमारे भारत देश का संविधान तत्कालिक सरकार को सौपा गया, इसी संविधान की बदौलत ही आज हम अपना जीवन यापन कर सभी धर्म संप्रदाय एक साथ मिलकर भाईचारा बनाकर रह रहे हैं आज सभी को आगे बढ़ने की हिम्मत भी भारतीय संविधान से ही मिल रही है।

आम्रपाली नारनवरे ने कहा कि हमारे नेता पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की मनसा अनुसार प्रतिवर्ष संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है आज संविधान दिवस के अवसर में संविधान से मिले अधिकारों की बदौलत ही मैं एक महिला इस जगह पर खड़ी हूं। संविधान एवं आजादी के पहले महिलाओं की स्थिति का उल्लेख कर पाना अभी संभव नहीं है परंतु संविधान निर्माण एवं लागू होने के बाद आज महिलाओं की प्रगति एवं उत्थान में अत्यधिक परिवर्तन आया है। संविधान के प्रावधानो में महिलाओं को भेदभाव से बचाने उनकी भलाई को बढ़ावा देने और राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक क्षेत्र में उसकी समान भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संवैधानिक प्रावधानों को संग्रहित किया है हमारे देश के संविधान में महिलाओं की सुरक्षा उपायों का श्रृंखलाबद्ध प्रावधान है। मैं यह मानती हूं कि हमारे देश का संविधान हम महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकारों का ग्रंथ है। अनुच्छेद 14, 15 और 16 जैसे मौलिक अधिकार सामानता के अधिकार की स्थापना करते हैं, और लिंग के आधार पर भेदभाव को रोकते हैं, जिससे महिलाएं सम्मान के साथ रह सके और उन्हें समान अवसर मिले अनुच्छेद 39, 42 और 43 सहित निर्देशित सिद्धांत आर्थिक न्याय समान वेतन आदि सुविधाऐं दी।

# जल कर होगा तीन सौ रुपए प्रति माह और दूसरे कर भी बढ़ेंगे

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा की माली हालत सुधारने के लिए अब परिषद के द्वारा शीघ्र ही करो में वृद्धि किए जाने की पूरी पूरी संभावना बतायी जा रही है। खबर है कि जल कर प्रतिमाह 300 रूपये किया जा सकता है तो वहीं सफाई एवं प्रकाश कर 300 रूपये साल किया जा सकता है तो वहीं फोर व्हीलर वाहन का टैक्स जो पर्यावरण को प्रदूषित करती है और नये वाहन खरीदने पर पॉंच हजार रूपये प्रति वाहन लाईफ टाईम के लिए कर लिए जाने की संभावना है तो वहीं टू व्हीलर का लाईफ टाईम कर 500 रूपये वार्षिक लिए जाने की संभावना है।

बताया जाता है कि नगर पालिक निगम महीना भर पानी देने के बाद मात्र उन्हें 175 रूपये मिलता है जबकि खर्चा तीन गुना है। ऐसी स्थिति में नगर पालिक निगम ने होने वाली परिषद की बैठक में उपरोक्त सभी टैक्सो को बढ़ाऐं जाने का प्रस्ताव रखने जा रही है जिससे नगर पालिक निगम की आय में वृद्धि होगी। बताया जाता है कि मध्यप्रदेश सरकार ने बाजार टैक्स वसूली में प्रतिबंध लगा दिया है और चुंगी कर पूर्व से ही बंद है। ऐसी स्थिति में चुंगी क्षतिपूर्ति विलम्ब से दी जाती है जिससे नगर पालिक निगम की व्यवस्था चरमरा सी गई है। वहीं दूसरी ओर बाजार टैक्स ठेका प्रथा बंद कर दिए जाने के कारण अब नगर पालिक निगम को आर्थिक क्षति हो रही है। इतना ही नहीं शहर में बाजार टैक्स नहीं होने के कारण अतिक्रमण भी बढ़ रहा है और प्रदूषण भी बढ़ता जा रहा है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम ने टैक्स बढ़ाने का निर्णय किया है। अब देखना यह है कि माली हालत नगर निगम की सुधारने के लिए यह टैक्स सर्वसम्मति से पास होता है या नहीं। नगर निगम की माली हालत वास्तव में जर्जर और खराब है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस क्षेत्र के चीचली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम शाहपुर के शासकीय हाई स्कूल में मप्र लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार जनजाति गौरव दिवस पखवाड़ा के अवसर पर आदिवासी संस्कृति से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे छात्राओं ने आदिवासी लोक नृत्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमति रेखा चौहान ने छात्र छात्राओं को जनजातीय पखबाड़े के बारे मे बताया। इस अवसर पर शालेय स्टॉफ एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

# मासिक ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में ग्रामीण विकास विभाग की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सांसद/विधायक निधि के अंतर्गत स्वीकृत व अन्य निर्माण कार्यों, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), मनरेगा, ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत अभियान आदि की समीक्षा करने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार, जिला योजना अधिकारी यशवंत वैद्य, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवायें, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, ए.पी.ओ., ब्लॉक समन्वयक, ग्रामीण आजीविका मिशन के सभी जिला प्रबंधक, जिला पंचायत की विभिन्न शाखाओं के परियोजना अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में स्वच्छता साथी वॉश ऑन व्हील योजना की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिये कि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। उन्होंने सभी जनपद पंचायत सी.ई.ओ. को आंगनवाड़ी और इंस्टीट्यूशनल बॉडीज के साथ बैठक करने के निर्देश दिए गए। जिससे अधिक से अधिक स्वच्छता साथियों को रोजगार उपलब्ध हो और वे टॉयलेट सफाई के कार्यों में सहभागी बनें।

कलेक्टर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने हर्रई जनपद पंचायत के सी.ई.ओ. को अपने चिलक दौरे के दौरान दिए गए निर्देशों की अवहेलना पर नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। साथ ही सहायक अभियंता को सस्पेंड करने के निर्देश दिए गए।



कलेक्टर श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि जिन ग्रामों में 20 या अधिक आवास स्वीकृत हैं वहां सामग्री (सीमेंट, रेत, गिट्टी, लोहे आदि) को सेंट्रलाइज तरीके से एक साथ उपलब्ध कराया जाए। इससे सामग्री लाभार्थियों को सस्ते दामों में मिलेगी।

कलेक्टर श्री सिंह ने जिला पंचायत सी.ई.ओ. को निर्देश दिए कि सभी जनपद पंचायत सी.ई.ओ. का साप्ताहिक टूर प्रोग्राम तैयार कर उसकी नियमित समीक्षा सुनिश्चित करें। प्रोग्राम में प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा आदि का निरीक्षण शामिल हो।

कलेक्टर श्री सिंह द्वारा बैठक में हितग्राही मूलक योजनाओं को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के तहत लाभार्थियों को समय पर लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही निर्माण कार्यों और सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

सी.एम. हेल्पलाइन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला पंचायत ने ए ग्रेड प्राप्त किया। कलेक्टर श्री सिंह ने इस सफलता पर बधाई दी और इसे निरंतर बनाए रखने के निर्देश दिये। उनके द्वारा 100 या उससे अधिक दिनों से लंबित शिकायतों का व्यक्तिगत निरीक्षण कर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को ग्रामीण विकास कार्यों को प्राथमिकता देने और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे। प्रशासनिक प्रक्रियाओं में देरी न हो।

इसके साथ ही उन्होंने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा से संबंधित कार्यों की समीक्षा की।

# लापरवाही करने पर नर्सिंग आफीसर को निलम्बित किया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने चिकित्सीय सेवाओं में लापरवाही, वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की अवहेलना और महिलाओं की डिलीवरी के एवज में धमकाकर पैसे की मांग किए जाने की शिकायत पर नर्सिंग ऑफिसर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओझलढाना, विकासखंड हर्रई सीमा साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में सीमा साहू का मुख्यालय सिविल अस्पताल तामिया नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि एस.डी.एम. अमरवाड़ा द्वारा पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है कि बी.एम.ओ. हर्रई के पत्र 24 अगस्त 2024 के माध्यम से नर्सिंग ऑफिसर सिविल अस्पताल सुश्री साहू को तहसील हर्रई के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओझलढाना में चिकित्सीय सेवाएं देने के लिए निर्देशित किया गया था, लेकिन उनके द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओझलढाना में उपस्थिति नहीं दी गई।

इसके कारण ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस कृत्य के लिए एस.डी.एम. अमरवाड़ा द्वारा सुश्री साहू के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। सी.एम.एच.ओ. छिंदवाड़ा द्वारा भी इस संबंध में अवगत कराते हुए सुश्री साहू को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ज्वाइन नहीं किए जाने पर सूचना पत्र आहूत करने और सुश्री साहू के उसका विधिवत जवाब न देने व कार्य से निरंतर अनुपस्थित रहने का लेख किया गया है।

सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत धनौरा द्वारा भी अपने पत्र के माध्यम से सुश्री साहू के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धनौरा में पदस्थ रहने के दौरान ग्रामीण महिलाओं की डिलेवरी के एवज में धमकाकर पैसों की मांग किए जाने एवं नहीं मिलने पर पेशेंट को रेफर किए जाने एवं उपचार से मना किए जाने की शिकायत की गई है।

बी.एम.ओ. हर्रई द्वारा भी पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है कि जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक दिनांक 14 नवंबर 2024 में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निर्देशित किए जाने के बाद भी सुश्री साहू द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओझलढाना में उपस्थित होकर चिकित्सीय सेवाएं नहीं दी जा रही हैं।

सुश्री साहू का यह कृत्य वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना की श्रेणी में आकर शासकीय कार्यों में प्रति घोर लापरवाही एवं शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता का द्योतक होने के साथ ही म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम- 1965 के विपरीत कदाचरण की श्रेणी में आने पर मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर द्वारा सुश्री साहू को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण) नियंत्रण तथा (अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत निलंबित किया गया है।